कार्यालय प्राचार्य, शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बलरामपुर

OFFICE OF THE PRINCIPAL, GOVERNMENT NAVEEN GIRLS COLLEGE BALRAMPUR
जिला–बलरामपुर–रामानुजगंज (छ0ग0)
DISTRICT - BALRAMPUR-RAMANUJGANJ (C.G.)
Email ID- prigngc2021@gmail.com
AISHE Code – C-68024
Web: www.ggcbalrampur.ac.in
Mob: 9165146094

बलरामपुर, दिनांक : 02..03.2026

प्रतिवेदन

बलरामपुरः शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बलरामपुर में ''विकसित भारत युवा संसद 2026'' का आयोजन

जिला मुख्यालय स्थित शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बलरापुर में मेरा युवा भारत सरगुजा के मार्गदर्शन में तथा प्राचार्य श्री अगस्टिन कुजूर के संरक्षण में 'विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026' कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन दिनांक 02.03.2026 को किया गया। इस गौरवशाली आयोजन का मुख्य विषय **''आपातकाल के 50 वर्षः भारतीय लोकतंत्र के लिए सीख''** रखा गया। कार्यक्रम की शुरूवात समस्त अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलित कर पूजा–अर्चना की गई। तत्पश्चात् राजकीय गीत वंदे मातरम् का गायन किया गया। इसके बाद स्वागत उद्बोधन संस्था प्रमुख श्री अगस्टिन कुजूर के द्वारा समस्त अतिथियों, निर्णायक मण्डल के समस्त सदस्यों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात, अतिथियों द्वारा उद्बोधन दिया गया, अतिथियों ने अपने उद्बोधन में समस्त प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हे शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में जिले के 18 से 25 वर्ष के युवाओं ने भाग लिया तथा भरतीय लोकतंत्र इतिहास के सबसे कठिन दौर पर गहन विचार विमर्श किया एवं अपने–अपने सुझाव साझा किया

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य और निर्णायक मंडल ने छात्रों की शक्ति की सराहना करते हुए कहाः इस प्रकार के आयोजनों द्वारा युवाओं में नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित होती है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विजन विकसित भारत@2047 पर जोर देते हुए युवाओं को अपना योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 5 प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए किया गया। यह आयोजन न केवल एक प्रतियोगिता थी, बल्कि युवाओं के लिए लोकतांत्रिक सजगता का एक सशक्त मंच साबित हुआ।

इस गौरवशाली कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य ने समस्त अतिथियों, निर्णायक मंडल व प्रतिभागियों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के रूप में डॉ. रोज लिली बड़ा, प्राचार्य शासकीय लंरगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामानुजगंज, श्री नंद कुमार देवांगन सहायक प्राध्यापक शासकीय रानी रश्मि देवी सिंह महाविद्यालय खैरागढ़, श्री एन. के. सिंह, प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर, डॉ. भूपेन्द्र कुमार सेन, सहायक प्राधापक शासकीय महाविद्यालय रामचंद्रपुर, डॉ. अर्चना गुप्ता, सहायक प्राध्यापक, शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारीगण एवं समस्त छात्राओं का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा।

Principal
Govt. Naveen Girls College Balrampur
Distt.-Balrampur-Ramanujganj(C.G.)